अपने मत को गिनती में कैसे शामिल करें

चुनाव के दिन आपको दो मतपत्र दिए जाएँगे: **हरा वाला** हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ेंटेटिव्ज़ (लोक सभा) के लिए और **सफ़ेद वाला** सीनेट के लिए।

हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ेंटेटिव्ज़

हरे मतपत्र पर, अपने सबसे पसंदीदा उम्मीदवार के पास वाले ख़ाने में आपको ‘1’ भरना है, अपने दूसरे नंबर पर पसंद के उम्मीदवार के पास वाले ख़ाने में ‘2’ और इसी तरह सारे ख़ानों में नंबर भरें।

अपने मत को गिनती में शामिल करने के लिए आप **हर ख़ाने में** नंबर अवश्य भरें।



मतपत्र का नमूना

सीनेट

सफ़ेद मतपत्र पर आप लाइन से ऊपर या लाइन के नीचे मतदान कर सकते हैं।



या तो लाइन से ऊपर

यदि आप लाइन से ऊपर मतदान करते हैं, तो आपको **कम से कम 6 ख़ानों में** 1 से 6 तक नंबर भरने होंगे।

अपनी पहली पसंद की पार्टी या समूह के लिए बने ख़ाने में ‘1’ भरें, अपनी दूसरी पसंद की पार्टी या समूह के लिए बने ख़ाने में ‘2’ भरें और इसी तरह तब तक भरें जब तक कि आप कम से कम 6 ख़ानों में नंबर न भर लें। लाइन से ऊपर बाक़ी के जितने भी ख़ानों में आप नंबर भरना चाहें भर सकते हैं।



या लाइन के नीचे

यदि आप लाइन के नीचे मतदान करते हैं, तो आपको **कम से कम बारह ख़ानों में** 1 से 12 तक के नंबर भरने होंगे।

अपने सबसे पसंदीदा उम्मीदवार के पास वाले ख़ाने में ‘1’ भरें, अपनी दूसरी पसंद के उम्मीदवार के पास वाले ख़ाने में ‘2’ भरें और इसी तरह तब तक भरें जब तक कि आप कम से कम बारह ख़ानों में नंबर न भर लें। लाइन से नीचे बाक़ी के जितने भी ख़ानों में आप नंबर भरना चाहें भर सकते हैं।

मतपत्रों के नमूने

यदि आप कोई ग़लती करते हैं तो चिंता न करें।
आप दूसरा मतपत्र ले सकते हैं और दोबारा भर सकते हैं।

Authorised by the Electoral Commissioner, Canberra